भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6274

02 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

मेट्रो रेल परियोजनाएं

6274.श्री पुष्पेंद्र सरोजः

एडवोकेट प्रिया सरोजः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कौन-कौन सी मेट्रो रेल परियोजनाओं का परिचालन किया गया है विशेषकर उत्तर प्रदेश के लिए वर्ष-वार और राज्य-वार किराए में क्या संशोधन किए गए हैं और प्रत्येक परियोजना को कितनी केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ख) वर्तमान में कितनी मेट्रो रेल परियोजनाएं परिचालनिक घाटे या वित्तीय दबाव की रिपोर्ट कर रही हैं और बजटीय सहायता पर निरंतर निर्भरता के लिए मंत्रालय की समीक्षाओं में राज्य-वार, विशेषकर उत्तर प्रदेश के लिए शहर-बार क्या कारण दर्ज किए गए हैं;

(ग) विशेषकर उत्तर प्रदेश के लिए किराए की वहनीयता, यात्रियों की कमी और अंतिम छोर तक संपर्क के संबंध में राज्य-वार कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(घ) लखनऊ मेट्रो चरण-।। की वर्तमान स्थिति क्या है और अनुमोदन की तिथि, स्वीकृत धनराशि, व्यय और कार्य शुरू होने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ङ) लखनऊ मेट्रो चरण-।। जैसी विस्तार परियोजनाओं में विलंब को रोकने के साथ-साथ मेट्रो रेल प्रणालियों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या सुधारात्मक नीति और वित्तपोषण उपाय प्रस्तावित हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान चालू की गई मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-I के अनुसार है और मेट्रो रेल परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जारी की गई धनराशि का विवरण अनुलग्नक-II के अनुसार है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और बैंगलोर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में पिछले पांच वर्षों में किराया संशोधन लागू किया गया है।

(ख) इस मंत्रालय के अधीन उन मेट्रो निगमों, जिनमें मेट्रो का निर्माण प्रारंभिक चरण के अंतर्गत किया गया है, उनकी परिचालनिक वित्तीय हानियों की सूचना देते हुए राज्य-वार स्थिति अनुलग्नक-III के रूप में संलग्न है।

(ग) उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड और नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन महीनों के दौरान किराए की वहनीयता, यात्रियों की कमी और लास्ट माइल तक कनेक्टिविटी के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(घ) लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण II को भारत सरकार द्वारा 03.09.2025 को मंजूरी दी गई है। कार्य शुरू होने में कोई देरी नहीं हो रही है।

(ङ) मेट्रो रेल नीति, 2017 में मेट्रो परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी), नॉन फेयर बॉक्स और वैल्यू कैप्चर फाइनेंस (वीसीएफ) के विभिन्न तरीकों के माध्यम से अभिनव वित्तपोषण निर्धारित किया गया है।

****

अनुलग्नक I

'मेट्रो रेल परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा प्रश्न संख्या 6274 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

पिछले पांच वर्षों के दौरान चालू की गई मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण:

क्रम संख्या	मेट्रो रेल परियोजना	लंबाई (किमी में)	राज्य
1	दिल्ली मेट्रो	28	दिल्ली
2	बैंगलोर मेट्रो	53.8	कर्नाटक
3	कोच्चि मेट्रो	4.5	केरल
4	चेन्नई मेट्रो	9	तमिलनाडु
5	नागपुर मेट्रो	15.3	महाराष्ट्र
6	कानपुर मेट्रो	15.4	उत्तर प्रदेश
7	पुणे मेट्रो	33.2	महाराष्ट्र
8	अहमदाबाद मेट्रो	61.7	गुजरात
9	दिल्ली मेरठ आरआरटीएस	82.15	दिल्ली/उत्तर प्रदेश
10	आगरा मेट्रो	6	उत्तर प्रदेश
11	मुंबई मेट्रो लाइन - 3	33.4	महाराष्ट्र
12	इंदौर मेट्रो	6.2	मध्य प्रदेश
13	भोपाल मेट्रो	6.9	मध्य प्रदेश
14	पटना मेट्रो	2.7	बिहार
15	जयपुर	2.4	राजस्थान
16	मुंबई मेट्रो (राज्य पहल)	46.2	महाराष्ट्र
17	कोलकाता (ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर)	11.2	पश्चिम बंगाल
18	कोलकाता मेट्रो रेलवे (रेल मंत्रालय)	29	पश्चिम बंगाल

अनुलग्नक II

'मेट्रो रेल परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा प्रश्न संख्या 6274 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मेट्रो रेल परियोजनाओं को कार्यान्वित करने वाली एजेंसियों को इस मंत्रालय द्वारा जारी की गई निधियां

(₹ करोड़ में)

क्रम संख्या	**मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का नाम**	**2020-21 के दौरान जारी धनराशि**	**2021-22 के दौरान जारी धनराशि**	**2022-23 के दौरान जारी धनराशि**	**2023-24 के दौरान जारी धनराशि**	**2024-25 के दौरान जारी धनराशि**	**2025-26 के दौरान जारी धनराशि (30.03.26 तक)**
1.	दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी)	20.00	2,254.00	3,015.65	**2,910.04**	4,048.67	6,563.64
2.	मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरुग्राम	-	-	-	**-**	10.00	**240**
3.	चेन्नई मेट्रो (सीएमआरएल)	**1,620.85**	**935.78**	-	-	**5,219.57**	**8,688.49**
4.	बैंगलोर मेट्रो (बीएमआरसीएल)	**1,858.00**	**3,622.86**	**4,041.61**	**3,617.16**	4,814.58	1,693.24
5.	मुंबई मेट्रो लाइन 3 (एमएमआरसीएल)	**1,375.00**	**2,412.09**	**507.22**	**3,894.83**	4,484.58	1,376.34
6.	नागपुर मेट्रो	**371.85**	**-**	**-**	**1,199.06**	-	**720.00**
7.	पुणे मेट्रो	300.00	3,194.91	1,357.73	-	962.02	1,411.42
8.	ठाणे मेट्रो	**-**	**-**	**-**	-	-	100.00
9.	कोच्चि मेट्रो (केएमआरएल)	-	-	**146.74**	-	-	66.02
10.	कानपुर मेट्रो	1,136.00	2,012.00	1,156.75	**1,472.50**	262.25	428.09
11.	आगरा मेट्रो	216.00	1,122.00	868.93	1,044.75	387.00	481.62
12.	अहमदाबाद मेट्रो	**892.74**	**1,323.54**	**1,968.17**	628.00	1,020.72	823.02
13.	मेट्रो मेल	**-**	**638.93**	**1,697.78**	**2,264.00**	2,264.00	364.78

14.	भोपाल मेट्रो	**-**	**527.23**	**217.54**	613.00	215.81	1,160.01
15.	इंदौर मेट्रो	-	250.63	260.00	**1,105.74**	290.00	1,060.23
16.	पटना मेट्रो (पीएमआरसीएल)	163.00	49.5	**437.50**	**700.75**	100.75	1,617.19
17.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी)	2,487.40	4,472.00	**4,710.00**	**3,596.00**	3,844.00	1,857.35
18.	पुणे मेट्रो लाइन III परियोजना (हिंजेवाड़ी से शिवाजी नगर)	-	-	**-**	**410.00**	411.00	-
19.	कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल)	800.00	934.53	**300.00**	**500.00**	500.00	-

अनुलग्नक III

'मेट्रो रेल परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा प्रश्न संख्या 6274 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वित्तीय वर्ष - 2024-25 के अनुसार घाटे में चल रही इस मंत्रालय के तहत मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण

क्रम संख्या	मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन	शहर	राज्य
1	चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड	चेन्नई	तमिलनाडु
2	नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	नोएडा	उत्तर प्रदेश
3	मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	मुंबई	महाराष्ट्र
4	गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन	अहमदाबाद	गुजरात
5	राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	जयपुर	राजस्थान